राज्यों के उद्योग निदेशकों के पास देश में कार्य कर रहे पंजीकृत लघु उद्योगों की संख्या 4.8 लाख के आसपास बतायी जाती है । लघु एककों का पंजीकरण स्वेच्छा के आधार पर किया जाता है ।

(ग) उद्योगों के वार्षिक सवक्षण 1970 से सूचना मिली है कि पूर्णत निजी क्षेत्र के 11,422 कारखाने हैं जबकि सरकारी क्षेत्र में 1470 हैं और मिश्र क्षत्र में 387 कारखाने हैं । इस सर्वेक्षण के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र/मिश्र क्षेत्र के एककों का बड़े/लघु एककों के रूप में विश्लेषण तत्काल उपलब्ध नहीं हैं। केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र के 193 उपक्रम सरकारी उद्यम कार्यालय (ब्यूरो आफ पब्लिक एन्टरप्राइजीज) की पंजिकाओं में हैं ।

**डाकघरों में पत्रों की छंटाई**

3993. **श्री आर० बी० बड़े :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश के विभिन्न डाकघरों में प्रतिदिन औसतन कितने पत्र छांटे जाते हैं ?

**संचार मंत्री (डा० शंकर दयाल शर्मा) :** डाकघरों में हर रोज औसतन लगभग 1 करोड़ 17 लाख 28 हजार पत्रों की छंटाई की जाती है ।

**Air Postal Service to Goa**

3994. SHRI PURUSHOTTAM KAKODKAR: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state whether Government propose to link Goa with Air Postal Service during the current financial year?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (DR. SHANKER DAYAL SHARMA): The Indian Air Lines plan the air services in the country. Dabolim is the only station in Goa linked now by air. Air mails for and from Goa are flown by the existing Indian Air Services. Other proposals can originate as and when more stations in Goa territory get connected by air.

**मध्य प्रदेश में बिजली उत्पादन का लक्ष्य**

3995. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में बिजली के उत्पादन और सम्लाई के लिए चौथी योजना में क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे ;

(ख) उसमें अब तक कितनी प्रगती हुई है ;

(ग) क्या लक्ष्य पूरे-पूरे प्राप्प नहीं हुए हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण है, और

(घ) क्या शेष कार्य को पांचवी योजना अवधि में पूरा करने का प्रस्ताव है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में उप मंत्री (प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद) :** (क) और (ख). चौथी योजना में 108.5 मेगावाट की अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता की प्रतिष्ठापना का लक्ष्य रखा गया था ; यह लक्ष्य पूर्णरूप से प्राप्त किया जा चुका है ।

(ग) और (घ). प्रश्न नहीं उठता ।

**Nationalisation of Distribution of Raw Material in Delhi**

3996. SHRI ARVIND M. PATEL: Will the Minister of INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether Government are proposing to nationalise the distribution of imported raw material in Delhi; and